# मौसम : आज आंधी व वज्रपात के साथ बारिश की संभावना

वरीय संवाददाता

**रांची :** झारखंड में 02 से 05 जून तक आंधी और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है। इसके लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार 02 जून को राज्?य के उत्तर-पूर्वी, मध्?य और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्?की बारिश होने की संभावना है। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा





जिलों में देखने को मिलेगा। 03 जून को राज्?य के उत्?तर-पूर्वी और द?क्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में देखने को मिलेगा। केंद्र के अनुसार 04 से 07 जून तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम केंद्र के अनुसार राज्?य में अगले 05 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। केंद्र के अनुसार 02 और 03 जून को गढ़वा और पलामू जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।

### राजधानी में हल्की बारिश

रांची : राजधानी के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास रहा। इस दौरान आसपास के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। जहां बारिश नहीं भी हुई तो वहां भी बादल छाये रहे। इसकी वजह से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

## टेंडर घोटाला : मंत्री आलमगीर समेत 09 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ी

वरीय संवाददाता



**रांची :** टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। अब इनकी अगली पेशी 15 जून को होगी। मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस राजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत सभी 9 आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से पीएमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को हुई। दरअसल, टेंडर घोटाला मामले में ईडी की पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम की रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। जिसके आधार पर ईडी ने कार्रवाई करते हुए 6 मई 2024 को कई इंजीनियर, ठेकेदार, और मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। उस छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से 37 करोड़ से अधिक कैश ईडी की टीम ने बरामद किया था। 06 मई को मंत्री सजीव लाल और उनके नौकर जहागीर आलम को पूछताछ के बाद 07 मई को ईडी ने दोनों की गिरफ्तार कर लिया और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर ईडी ने दोनो से पूछताछ की। वहीं इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम को दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया और 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। 30 मई को आलमगीर आलम को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## डोरंडा इलाके में हुई गोलीबारी 10 साल का बच्चा घायल

वरीय संवाददाता



**रांची :** डोरंडा इलाके में शनिवार को दो अपराधियों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें दस साल का बच्चा घायल हो गया है। गोलीबारी की वारदात डोरंडा के मिस्त्री मोहल्ला में हुई। घायल बच्चे का इलाज रिम्स अस्पताल में चल रहा है। डोरंडा थाना प्रभारी आंनद किशोर ने बताया की पुरानी अदावत में कुछ आपराधिक तत्वों के बीच आपस मे झड़प हुई। इसी दौरान एक पक्ष के द्वारा फायरिंग की गई, जिसमे पास में ही खेल रहे एक दस साल के बच्चे के पैर में गोली लग गई। घायल बच्चे को इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे के पैर से गोली निकाल दी है। उसके बाद बच्चे को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। घायल बच्चे की स्थिति पूरी तरह से खतरे से बाहर है। डोरंडा पुलिस के अनुसार फायरिंग करने वाले अपराधियों की पहचान कर ली गई है। फायरिंग करने वालों में सैफ, शकिब और संजर का नाम आ रहा है। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि तीनों अपराधियों के हाथ में हथियार था और तीनों ने एक-एक फायरिंग की थी। इसी फायरिंग में पास में ही खेल रहे 10 वर्षीय अकदस मिर्जा को गोली लग गई। फिलहाल बच्चे का रिम्स में इलाज चल रहा है। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## एक झलक

### हेमंत सोरेन से जेल में मुख्यमंत्री की मुलाकात पर भाजपा ने जताई आपत्ति, चुनाव आयोग से की शिकायत

**रांची :** जेल में हेमंत सोरेन और सीएम चंपाई सोरेन की हुई मुलाकात पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। इसे लेकर भाजपा के न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधमंडल ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि शुक्रवार को सीएम चंपाई सोरेन बिरसा मुंडा जेल गये थे। उन्होंने पूर्व मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से जेल में एक घंटा पचास मिनट मुलाकात की। जेल के मुलाकाती स्थान पर स्पष्ट लिखा हुआ कि मिलने का समय 15 मिनट है। इसके बाद भी एक घंटा 50 मिनट की मुलाकात किस नियम के तहत जेल प्रशासन ने करवायी। मुख्यमंत्री ने जेल मैनुअल का उल्लंघन किया है। इस ज्ञापन की प्रति चुनाव आयोग नयी दिल्ली, मुख्य सचिव, जेल आईजी, गृह सचिव, जेल अधीक्षक, को भी दी गयी है। प्रतिनिधिमंडल में न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा, अधिवक्ता ज्योति आनंद शामिल थे।

### मेडिका हॉस्पिटल ने रांची को दी कैंसर हॉस्पिटल की सौगात

**रांची :** भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रांची ने अपने 10 वर्ष झारखंड में पूरे किये है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेडिका समूह के एमडी उदयन लाहिड़ी, जेएमडी अयनाभ देवगुप्त, ऑन्कोलॉजी विभाग के समूह निदेशक डॉ सौरव दत्ता, क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ विजय मिश्र ने कहा कि गुणवत्ता, अफोर्डेबल और सेवा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं करना मेडिका समूह की विशेषता है। रांची और झारखण्ड वासियों को 150 करोड़ की लागत से बनने वाले कैंसर हॉस्पिटल की घोषणा की। अब कैंसर रोगियों को झारखंड से बहार जाने की जरुरत नहीं। मेडिका की वर्तमान ऑन्कोलॉजी टीम आधुनिक सुविधा संपन्न है। 10 वर्षों में मेडिका ने 7 लाख 40 हजार मरीजों का इलाज किया है। कहा कि हमारे अच्छे कामों को मीडिया ने हमेशा प्रमुखता से स्थान दिया है। मीडिया के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आने वाले दिनों में झारखंड में मेडिका की स्वर्णिम योजनाएं यहां के हर तबके के लिए समर्पित रहेंगी।

### रांची के प्रथम मेयर की पुण्यतिथि पर भोग वितरण

**रांची :** रांची के प्रथम मेयर स्व शिवनारायण जायसवाल के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पौत्र आदित्य विक्रम जायसवाल ने शनिवार को थड़पखना स्थित शनि मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोगों के बीच भोग वितरण किया। इसके पूर्व आदित्य ने अपने दादा की कुशल जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा, देश की आजादी में शिवनारायण जायसवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वह हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़कर देश व पार्टी की सेवा में लगे रहते थे। उनकी सोच काफी दूरदर्शिता थी। झारखंड को इंडस्ट्रियल हब बनाना उनका सपना था। अपने बलबूते सैकड़ों मंदिर बनाए थे।

### लैंड बैंक बनाकर उद्योग व्यापार के लिए 100-100 एकड़ के भूखंड उद्योगों के लिए उपलब्ध कराये जायें : किशोर मंत्री

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के लैंड रिफॉर्म्स उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई। राज्य में उद्योग-व्यापार के लिए भूमि की उपलब्धता नहीं होने के कारण डेवलपमेंट के कार्य प्रभावित होने की बात पर चर्चा हुई। कहा गया कि झारखंड के 24 जिलों में लैंड बैंक बनाकर उद्योग व्यापार के लिए 100-100 एकड़ के भूखंड केवल उद्योगों के लिए उपलब्ध कराये जायें। 5, 10, 20 हजार स्कवॉयर फीट के भूखंड उद्योगों को आवंटित किया जाना बेहतर परिणाम दे सकता है जिससे छोटे-छोटे व्यवसाय, उद्योग एवं गृह उद्योगों को बढ़ावा मिल सकेगा।

## श्री श्याम मित्र मंडल हरमू रोड में भंडारे का आयोजन



संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 114 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में नथमल जी अग्रवाल सरला देवी अग्रवाल दीपक अग्रवाल रेनू अग्रवाल श्याम बिहारी अग्रवाल नेहा अग्रवाल सर्वेश अग्रवाल अंश अग्रवाल स्तुति अग्रवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके अग्रवाल परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर की। भोग अर्पित करने के समय पूरा मंदिर श्रध्दा में डूबा हुआ था। भोग लगे प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यो को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया।

### दुष्कर्म केस के दोषी को कोर्ट ने दी 10 साल की सजा

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की कोर्ट ने मुकेश लाल महतो को दुष्कर्म केस का दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने मुकेश पर 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि दोषी जुर्माना की राशि नहीं देता है तो उसे 10 महीने की अतिरिक्त सश्रम करावास होगी। मुकेश के खिलाफ कांके थाना में केस दर्ज किया गया था। इस केस में मुकेश द्वारा पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर 6-7 वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। बाद में वह शादी करने से मुकर गया। पीड़िता के इनकार करने पर जबरन अभियुक्त ने पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाया। इस दौरान वह वर्ष 2012 और 2014 में दो बार वह गर्भवती भी हुई। अभियुक्त उसे मातृछाया अस्पताल, सीएमपीडीआई ले गया और गर्भपात करा दिया था। जब पीड़िता और उसके माता-पिता ने अभियुक्त व उसके माता-पिता पर विवाह करने के लिए कहा, तो उनकी ओर से शादी करने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया।

## राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ ने मनाया विश्व दुग्ध दिवस




वरीय संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ एवं इंडियन डेयरी असोसिएशन के ईस्टर्न जोन एवं झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्त्वावधान में 01 जून को मेधा डेयरी के होटवार स्थित प्लांट के प्रांगण में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता अध्यक्ष सह महाप्रबंधक पवन कुमार मरवाहा व उपाध्यक्ष सह उप प्रबंध निदेशक जयदेव बिश्वास ने किया । इस बार विश्व दुग्ध दिवस का थीम डेयरी किसानों के हित में पौधों पर आधारित उत्पादों को एक अलग श्रेणी में रखने का आग्रह रखा गया। मरवाहा ने परिपेक्ष में पोषण तथा रोजगार के दृष्टिकोण से डेयरी की महत्ता को बताया। उन्होने झारखंड के किसानों को दूध से जुड़े व्यवसाय और खास कर मेधा डेयरी से जुडने का अहवाहन किया। जयदेव ने श्वेत क्रांति में सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित कर्मियों को बधाई दी। 01 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य बताया कि यह दिन दूध पर ध्यान केन्द्रित करने और स्वस्थ आहार , जिम्मेदार खाद्य उत्पादन और सहायक आजीविका और समुदायों में डेयरी के हिस्से के बारे में जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर श्वेत क्रांति के जनक स्वर्गीय डॉ वर्गीज कुरिएन के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

## इंडिया गठबंधन ने झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समर्थन किया : आदित्य साहू

वरीय संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टचारियों का समर्थन किया। 18वीं लोकसभा के जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए पिछले डेढ़ महीनों से चल रही मतदान प्रक्रिया का सातवां और अंतिम चरण संपन्न हो गया। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, झारखंड में भी चार चरणों में मतदान निर्धारित था। चौथे से लेकर सातवें चरण तक में झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। राज्य के एक विधानसभा क्षेत्र गांडेय की खाली सीट पर भी उपचुनाव संपन्न हुआ। संथाल परगना की 3 लोकसभा क्षेत्र गोड्डा, दुमका और राजमहल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया है। कहा कि आज के मतदान के लिए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करती है। बीजेपी चुनाव आयोग एवं प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मचारियों का भी इस तपती गर्मी में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए आभार प्रकट करती है। मतदान में महिला और युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बूथों पर लंबी कतारें ये बता रही कि जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए मतदान किया है। साहू ने कहा, इंडिया एलायंस ने पूरे देश और झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समर्थन किया। झूठे वादों और झूठे नैरेटिव से जनता को दिग्भ्रमित किया। यह जनता को पसंद नही आई। राज्य के आदिवासी दलित, पिछड़े सभी वर्गो में राज्य सरकार के प्रति गहरा असंतोष था, जिसको जनता ने वोट के माध्यम से चोट किया है।


**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस**

**कॉरपोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059, भारत

**शाखा कार्यालय:** चौथी मंजिल, कृष्णा एनक्लेव, 2/1, भजन लाल लोहिया लेन, हावड़ा एसी मार्केट के निकट, यस बैंक के ऊपर, हावड़ा-711101

**शाखा कार्यालय:** 96, जनपथ, दूसरी मंजिल, खारावेला नगर, भुवनेश्वर-751001

[नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए सूचना**

प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटरों को सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत ऋणदाता के समक्ष गिरवी पर रखी गई है/प्रभारित की गई है, जिस पर आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लि. के अधिकृत अधिकारी द्वारा **प्रतीकात्मक कब्जा** कर लिया गया है, उसकी यहां नीचे उल्लेखित संक्षिप्त विवरण के अनुसार "जैसे है जहां है", "जैसे है जो कुछ है" तथा "वहां जो कुछ है" के आधार पर बिक्री की जाएगी:

| क्र. सं. | कर्जदारों/सह कर्जदारों/ गारंटरों/वैध उत्तराधिकारियों के नाम, ऋण खाता नं. | प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरण साथ में ज्ञात ऋण भार, यदि कोई है | बकाया रकम | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख व समय | नीलामी की तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | सुनील कुमार झा (कर्जदार) इंद्र नारायण झा (सह-कर्जदार) ऋण खाता नं. एलएचजेएमआर00001351232 | फ्लैट नं. 503, समृद्धि एनक्लेव पांचवीं मंजिल, नया प्लॉट नं. 71, 72, 73, नया खाता नं. 78, मौजा असंगी, आदित्यपुर, जमशेदपुर | रु. 12,94,054/- 16 मई, 2024 | रु. 19,49, 400/- / रु. 1,94,940/- | 01 जुलाई, 2024 पूर्वा. 11 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 10 जुलाई, 2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| 2. | सत्येन्द्र प्रसाद (कर्जदार) ललीता देवी (सह-कर्जदार) बेबी कुमारी (सह-कर्जदार) प्रमोद कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता नं. एलएचजेएमआर00001340722 व एलएचजेएमआर00001341583 | प्लॉट नं. 1048, खाता नं. 121, थाना नं. 67, थाना गमहरिया, मौजा छोटा गमहरिया, जिला पंजीयन कार्यालय चाईबासा, उप-पंजीयन कार्यालय सरायकेला जमशेदपुर, झारखण्ड | रु. 17,30,024/- 16 मई, 2024 | रु. 45,72, 000/- / रु. 4,57,200/- | 01 जुलाई, 2024 पूर्वा. 11 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 10 जुलाई, 2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| 3. | गणेश मुखी (कर्जदार) मुकेश मुखी (सह-कर्जदार) ऋण खाता नं. एलएचजेएमआर00001287773 | प्लॉट नं. 289, खाता नं. 82, मौजा-चक्रधरपुर नगरपालिका क्षेत्र वार्ड नं. 15 थाना, चक्रधरपुर, जिला पश्चिमी सिंहभूम, राज्य-झारखण्ड | रु. 15,62,135/- 16 मई, 2024 | रु. 18,55, 350/- / रु. 1,85,540/- | 01 जुलाई, 2024 पूर्वा. 11 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 10 जुलाई, 2024 अप. 02.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक.** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com**) पर संचालित की जाएगी। गिरवीदाताओं/प्रेषिति को **09 जुलाई, 2024** को **अपराह्न 05.00 बजे** से पहले तक कुल बकाया के साथ भावी ब्याज की रकम चुकता करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, अन्यथा इन प्रत्याभूत सम्पत्तियों को ऊपर उल्लेखित अनुसूची के अनुसार बिक्री कर दी जाएगी।

प्रत्याशित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लिमिटेड, चौथी मंजिल, कृष्णा एनक्लेव, 2/1, भजन लाल लोहिया लेन, हावड़ा एसी मार्केट के निकट, यस बैंक के ऊपर, हावड़ा-711101** के पास **09 जुलाई, 2024** को **अपराह्न 04.00 बजे तक** अथवा उससे पहले जमा बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) करना होगा। प्रत्याशित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लिमिटेड, चौथी मंजिल, कृष्णा एनक्लेव, 2/1, भजन लाल लोहिया लेन, हावड़ा एसी मार्केट के निकट, यस बैंक के ऊपर, हावड़ा-711101** के पास **09 जुलाई, 2024** को **अपराह्न 05.00 बजे तक** अथवा उससे पहले पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भी जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा "**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लिमिटेड-ऑक्शन**" के पक्ष में **जमशेदपुर, पश्चिमी सिंहभूम** में **भुगतेय** राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) के रूप में होनी चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम एवं शर्तों अथवा निविदाओं के जमा करने के संबंध में आगे के किसी भी तरह के स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लिमिटेड** से **9920807300** अथवा हमारे **विक्रय एवं विपणन साझेदार नेक्सजेन सोलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** से सम्पर्क करें।

अधिकृत अधिकारी के पास आगे बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी बोलियों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें कृपया **https://www.icicihfc.com/** देखें।

**तारीख : 02 जून, 2024**
**स्थान : जमशेदपुर, पश्चिमी सिंहभूम**

**अधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कंपनी लिमिटेड**


## क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल ने टीम का किया विस्तार, अब और बेहतर मिलेगी सुविधाएं

वरीय संवाददाता




**रांची :** क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल ने अपनी टीम बढ़ाने का एलान किया है। हॉस्पिटल ने अपनी मेडिकल टीम में अत्यधिक कुशल और अनुभवी डॉक्टरों के एक नए समूह को शामिल करने की घोषणा करते हुए खुशी जाहिर की है। कहा गया है कि यह महत्वपूर्ण विस्तार समाज को असाधारण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप है। क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन अविनाश कुमार ने नई नियुक्तियों के बारे में कहा कि हम अपनी टीम में डॉक्टरों के ऐसे प्रतिष्ठित समूह का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। उनकी विविध विशेषज्ञता और मरीजों के देखभाल के प्रति समर्पण, शीर्ष-स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। यह हमारे अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। हमें विश्वास है कि हमारे यहां के मरीजों को उनकी उपस्थिति से बहुत लाभ होगा। हॉस्पिटल हमेशा से ही चिकित्सा नवाचार और रोगी देखभाल में सबसे आगे रहा है। इन प्रतिष्ठित डॉक्टर्स को शामिल करने के साथ, हम रांची में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के अपने मिशन को पूरा करने की और अग्रसर है। नई टीम की जानकारी देते हुए प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इसमें न्यूरो साइंसेज विभाग जैसे विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल हैं डॉ संजय कुमार, डॉ पैट्रिक मिंज और टीम लैप्रोस्कोपिक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी विभाग डॉ (मेजर) रमेश दास, डॉ ओम प्रकाश और टीम कार्डियक साइंसेज विभाग डॉ अनुपम कुमार और टीम मैक्सिलो फेशियल और ट्रॉमा सर्जरी विभाग डॉ अनुज कुमार और कई अन्य दिग्गज डॉक्टर व्यापक और उन्नत चिकित्सा सेवा प्रदान करने की हमारी क्षमता को बढ़ाने के लिए हमारे साथ जुड़ रहे हैं। रोगी देखभाल के प्रति उनकी विशेषज्ञता और समर्पण हमारे बस्पताल और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदाय के लिए अमूल्य संपत्ति होगी।

### आईकॉन्स 24 : एकजुट होकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया गया

**रांची :** मेकॉन लिमिटेड और सेल के द्वारा इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आईकॉन्स 24 सम्मेलन का शनिवार को समापन हुआ। इस्पात पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आखिरी दिन कई सत्र आयोजित हुए। इसमें रोलिंग मिल्स प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां सेकेंडरी इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां और ओपन हाउस पैनल चर्चा की गयी। आईकॉन्स 24 में भारत में पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्जवल इस्पात बाजार परिदृश्य को आकार देने का संकल्प लिया गया। यह एकजुट प्रयास देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में तेजी से ले जा सकेगा। इस अवसर पर नागेन्द्र नाथ सिन्हा-सचिव-इस्पात मंत्रालय भारत सरकार, अभिजीत नरेन्द्र संयुक्त सचिव इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ संजय रॉय संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, संजय कुमार वर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक व अतिरिक्त प्रभार निदेशक (वाणिज्यिक), मेकॉन, मुकेश कुमार-निदेशक (वित्त), मेकॉन, अमित राज-निदेशक (तकनीकी), मेकॉन, प्रद्युम्न कुमार दीक्षित-निदेशक (परियोजनाएं), मेकॉन, श्रवण कुमार वर्मा-कार्यपालक निदेशक (सीईटी), सेल उपस्थित थे।